भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **158**
मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में पर्यटन का विकास

158. **श्री धर्मपुरी श्रीनिवासः**

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना राज्य में पर्यटन स्थलों का विकास करने के लिए कोई पहल की है/योजना बनाई है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विकास हेतु चिह्नित स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार से इस आशय के कोई डीपीआर प्राप्त हुए हैं; और

(घ) इन परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय थीम-आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास-स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत तेलंगाना राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ का नाम और वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	इको परिपथ (2015-16)	तेलंगाना के महबूबनगर जिला में ईको पर्यटन परिपथ का एकीकृत विकास	91.62
2	जनजातीय परिपथ (2016-17)	तेलंगाना में मुलुगु- लकनावरम- मेदावरम-तडवई-दमारवी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का जनजातीय परिपथ के रूप में एकीकृत विकास	84.40
3	विरासत परिपथ (2017-18)	तेलंगाना में विरासत परिपथ: कुतुब शाही विरासती पार्क-पैगाह का मकबरा- हयात बक्शी की मजार - रेमण्ड के मकबरा का विकास।	99.42

(ग) : राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत परियोजना प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण एक सतत् प्रक्रिया है। राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श से विकास के लिए परियोजनाएं चिह्नित की जाती हैं और निधियों की उपलब्धता, संगत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा पूर्व में निर्मुक्त निधियों की उपयोगिता की शर्त पर संस्वीकृत की जाती हैं।

(घ) : सभी परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों पर हैं।

****